त्रैमासिक परीक्षा
कक्षा-12
विषय - हिन्दी
SET-"A"

पूर्णांक-80 अंक | समय-3 घण्टे

निर्देश -
(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रत्येक उप प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।
(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल प्रश्न 10 है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120. शब्द है।
(vii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

1.- सही विकल्प का चयन कर लिखिए 1x6=6

(i) पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-2 में संकलित गीत 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है" उद्धृत है-

(क) एकांत संगीत (ख) निशा निमंत्रण

(ग) सतरंगिणी (घ) मधुशाला

(ii) व्यंगोक्ति को पढ़कर, देखकर अथवा सुनकर रस की निष्पत्ति होती है-

(क) शांत (ख) करुण

(ग) अद्भुत (घ) हास्य

(iii) भक्तिन रचना है-

(क) आत्मकथा (ख) संस्मरणात्मक रेखा चित्र

(ग) जीवनी (घ) यात्रा वृतांत

(iv) 'आहुत- आहूत' शब्द युग्म का अर्थ है-

(क) यज्ञ-हवन (ख) हवन सामग्री-हवन

(ग) हवन सामग्री-बुलाना (घ) बुलाना-हवन सामग्री

(v) मराठी भाषा में लिखी 'जूझ' कहानी का हिन्दी अनुवाद किया है-

(क) केशव प्रथम वीर ने (ख) ओम थानवी ने

(ग) श्याम मनोहर जोशी ने (घ) ऐन फ्रैंक ने

(vi) समाचार लेखन में क कार होते हैं-

(क) पाँच (ख) छः

(ग) सात (घ) आठ

2.- रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए - 1x6=6

(i) पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-2 काव्य खंड में ली गई कविता पतंग .... के एकमात्र संग्रह का हिस्सा है।

(ii) जब किसी काव्य रचना के पद में उपमान का उपमेय में अंगों सहित आरोप किया जाता है तब वहाँ .... अलंकार होता है।

(iii) 'बाजार दर्शन' .... का एक महत्वपूर्ण निबंध है।

(iv) 'लोग संयमी भी होते हैं', वाक्य में .... निपात है।

(v) यशोधर बाबू ने दफ्तर से लौटते हुए रोज .... जाने की रीति बनाई।

(vi) समाचार लेखन .... शैली में होता है।

3- निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए - 1x6=6

(i) सीधी बात भाषा के चक्कर में टेढ़ी फँस गई।

(ii) रौद्र रस का स्थायी भाव भयानक है।

(iii) 'काले मेघा पानी दे धर्मवीर भारती की संस्मरण रचना है।

(iv) 'घृत 'तद्भव शब्द है।

(v) न. वा. सौंदलगेकर कविता बहुत ही अच्छे ढंग से पढ़ाते थे।

(vi) समाचार पत्र का संपादन करने वाला संवाददाता कहलाता है।

4- सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए। 1X7=7

(अ)	(ब)
(i) स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह	(क) एक रेखीय माध्यम
(ii) आत्म परिचय	(ख) भ्रांतिमान अलंकार
(iii) गागर में सागर भरना	(ग) माँ के लिए
(iv) पर्चेजिंग पावर	(घ) छायावाद
(v) इसमें भ्रम दूर करना संभव नहीं	(ङ) कम शब्दों में अपनी बात कहना
(vi) आनंद यादव का मन तड़पता था	(च) संदेह अलंकार
(vii) रेडियो	(ज) हरिवंश राय बच्चन
	(झ) पाठशाला जाने के लिए
	(ट) बहुरेखीय माध्यम
	(ठ) प्रगतिवाद
	(ड) क्रय शक्ति

Askclasses.com